India give loans and subsidies to the Delhi Municipal Corporation and the New Delhi Municipal Committee for their developmental and other works. Such assistance is also given to the local bodies in the other Union Territories through the respective Administrations. Loans and subsidies to the local bodies in the States are given by the respective State Governments.

(b) and (c). A statement giving the information in so far as the local bodies in the Union Territories are concerned is laid on the Table of the House. [*Placed in Library, See* No. LT-3301/64]. Information in respect of other local bodies in the States is not readily available.

**स्टाफ कारें**

1666. { **श्री सिंहासन सिंह :**
**श्री ब्रजवासी लाल :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के दिल्ली स्थित विभिन्न कार्यालयों में 1952 में कितनी स्टाफ कारें थीं और 1964 में उनकी संख्या कितनी हो गई है और उन का मंत्रालयवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या इन स्टाफ कारों को निजी काम में लाया जा सकता है और यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या शर्तें निर्धारित की गई हैं ; और

(ग) विभिन्न मंत्रियों द्वारा स्टाफ कारों को निजी काम में लाये जाने के कारण वर्ष 1963-64 में कितनी राशि भुगतान की गई ?

**वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी)** : (क) और (ग). आवश्यक सूचना विभिन्न मंत्रालयों/विभागों से इकट्ठी की जा रही है और जितनी जल्दी हो सकेगा उसे सभा की मेज पर रख दिया जायेगा।

(ख) नियमों में यह व्यवस्था है कि सरकारी काम से सम्बन्ध न रखने वाली निम्नांकित यात्राओं के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्टाफ कारों का इस्तेमाल किया जा सकता है :

(१) निवास-स्थान और दफ्तर के बीच समय-समय पर यात्रायें; और

(२) जरूरी काम से अस्पताल जाना ?

मनोविनोद, सार्वजनिक मनोरंजन और पार्टियों के स्थानोंकी यात्राओं और सैर-सपाटों आदि के लिए या छुट्टी पर गये अधिकारियों द्वारा स्टाफ कारों का इस्तेमाल किये जाने की अनुमति नहीं है।

सरकारी काम को छोड़ दूसरे काम के लिए स्टाफ कार का इस्तेमाल करने पर 60 पैसे प्रति घंटे के रोक-प्रभार (डिटेंशन चार्जेज) के अलावा बड़ी कारों के लिए 44 पैसे प्रति किलोमीटर और छोटी कारों के लिए 31 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से खर्च लिया जाता है। शोफर को दी जाने वाली अधिसमय भत्ते की रकम भी कार इस्तेमाल करने वाले अधिकारी से वसूल की जाती है।

**Godavari and Krishna River Waters**

**1667. Shri Chandriki:** Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether Government have taken any steps in accordance with the Gulhati Commission Report to carry out survey and prepare a preliminary project report in about six months and establish the feasibility or otherwise and the scope of the proposed diversion of water from the river Godavari to Krishna; and

(b) if so, whether the Project report is ready and if not, the time required to get the report?